भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3391

**(**जिसका उत्तर सोमवार दिनांक **16** दिसम्बर**, 2024/25** अग्रहायण**, 1946 (**शक) को दिया जाना है)

**एमएसई क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां**

**†3391. श्री रमाशंकर राजभरः**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार आर्थिक वृद्धि और स्थिरता के लिए निवेश कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार सूक्ष्म और लघु उद्यमों में आर्थिक गतिविधि बढ़ा रही है; और

(घ) यदि हां, तो ग्रामीण और शहरी स्तर पर तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) और (ख): सरकार आर्थिक विकास और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कदम उठा रही है। पूंजीगत व्यय और अवसंरचना निर्माण, क्रमिक राजकोषीय समेकन और मूल्य स्थिरता पर सरकार का ध्यान आर्थिक विकास और मैक्रो इकॉनॉमिक स्थिरता को बढ़ावा देता है। केन्द्रीय बजट 2024-25 में रोजगार, कौशल विकास, नवाचार, कृषि में समुत्थानशीलता समावेशी मानव संसाधन विकास, ऊर्जा संक्रमण और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए सहायता पर केंद्रीय बजट द्वारा दिए गए बल से भी विकास को गति मिलने की संभावना है।

(ग) और (घ): सरकार ने सूक्ष्म और लघु उद्यमों के विकास के लिए कई पहलें की हैं। अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र संबंधी ऋण के तहत लाभ उपलब्ध कराने के लिए औपचारिक दायरे में लाने हेतु उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म को 11.1.2023 में शुरू किया गया था। दिनांक 17.09.2023 को शुरू की गई पीएम विश्वकर्मा योजना, 18 व्यवसायों के कारीगरों और शिल्पकारों जो अपने हाथों और उपकरणों से काम करते हैं, को एंड-टू-एंड सहायता प्रदान करती है। इस योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में दिनांक 11.12.2024 तक पंजीकृत लाभार्थियों की कुल संख्या क्रमशः 20.41 लाख और 5.47 लाख है। सूक्ष्म और लघु उद्यमों को खरीद, भुगतान और शिकायत निवारण सहित ई-गवर्नेंस को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से की गई पहलों और सहायता तथा ऐसे उद्यमों की क्रेडिट गांरटी के संबंध में पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए लक्षित उपायों से भी लाभ मिलता है।

****